**नोट–** *जब प्रश्न में रोकड़ बही बनवाई हो तब प्रविष्टि नं० (i), (iv) व (vi)* करने की आवश्यकता नहीं है। यहाँ ये प्रविष्टि विद्यार्थियों की सुविधा के लिये दे दी गई हैं।

***(ii)* प्रीमियम पर ऋण-पत्रों का निर्गमन** (Issue of Debentures at Premium)– जब ऋण-पत्र इनके अंकित मूल्य अधिक मूल्य पर निर्गमित किये जाते हैं तो इसे प्रीमियम पर ऋण-पत्रों का निर्गमन कहते हैं। अतः जब ऋण-पत्र प्रीमियम पर ज किये जाते हैं तब प्रतिभूति प्रीमियम खाते को प्रीमियम की राशि से क्रैडिट कर दिया जाता है। ऐसा प्रीमियम पूँजीगत लाभ होता क्योंकि यह कम्पनी की सामान्य व्यावसायिक क्रियाओं से अर्जित नहीं किया गया है। इस खाते का उपयोग पूँजीगत हानियों जै अंशों एवं ऋण-पत्रों के निर्गमन पर दी गई छूट, ऋण-पत्रों के शोधन पर दिये गये प्रीमियम, प्रारम्भिक व्ययों, ख्याति, पेटेन्ट ट्रेडमार्क आदि को अपलिखित करने में किया जाता है।

अंश प्रीमियम खाते का नाम परिवर्तित होकर **प्रतिभूति प्रीमियम खाता** (Securities Premium A/c) हो चुका है। क्यों ऋण-पत्र भी प्रतिभूति है अतः ऋण-पत्रों पर प्राप्त प्रीमियम को भी प्रतिभूति प्रीमियम खाते में क्रैडिट किया जाना चाहिए। प्रतिभू प्रीमियम खाते के शेष को चिट्ठे के दायित्व पक्ष में संचय एवं आधिक्य (Reserve and Surplus) शीर्षक के अन्तर्गत दिख जाना चाहिए।

## II. ऋण-पत्रों का प्रीमियम पर निर्गमन
## (Issue of Debentures at Premium)

**Illustration 2.** एक कम्पनी ने 2,000, 9% ऋण-पत्र प्रत्येक 100 रु० का 110 रु० में, जिनका भुगतान निम्न प्र होना है, निर्गमित किए :

आवेदन पर 20 रु०।

आबंटन पर 40 रु० (10 रु० प्रीमियम सहित)।

प्रथम और अन्तिम याचना पर 50 रु०।

जिन्होंने भी जितने ऋण-पत्रों के लिये आवेदन किया था ऋण-पत्र आबंटित कर दिये गये। समस्त देय राशि प्राप्त हो ग आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

A company issued 2,000, 9% Debentures of Rs. 100 each at Rs. 110 payable as follows :

Rs. 20 on Application

Rs. 40 on Allotment (Including Premium of Rs. 10/-)

Rs. 50 on First and Final call.

All the debentures were applied for and allotted. All money due was received Pass necessary Journ Entries.

**Solution.**

### Journal Entries

| Particulars | | Rs. | R |
|---|---|---|---|
| Bank A/c<br>To 9% Debentures Application A/c<br>(For application money received on 2,000 debentures @ Rs. 20) | Dr. | 40,000 | 40,0 |
| 9% Debentures Application A/c<br>To 9% Debentures A/c<br>(For application money transferred) | Dr. | 40,000 | 40,0 |
| 9% Debentures Allotment A/c<br>To 9% Debentures A/c<br>To Securities Premium A/c<br>(For allotment money due alongwith premium on 2,000 Debentures @ Rs. 40) | Dr. | 80,000 | 60,0<br>20,0 |
| Bank A/c<br>To 9% Debentures Allotment A/c<br>(For allotment money received) | Dr. | 80,000 | 80,0 |
| 9% Debentures First and Final Call A/c<br>To 9% Debentures A/c<br>(For first and final call money due on 2,000 debentures @ Rs. 50 each) | Dr. | 1,00,000 | 1,00,0 |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| Bank A/c<br>To 9% Debentures First and Final Call A/c<br>(For first and final call money received) | Dr. | 1,00,000 | 1,00,000 |

नोट– *जब प्रश्न में स्पष्ट रूप से यह न लिखा हो कि प्रीमियम की राशि आवेदन पर, आबंटन पर अथवा किस याचना पर लेनी है तब इसे आबंटन पर लेने का प्रावधान है।*

*(iii)* **कटौती पर ऋण-पत्रों का निर्गमन** (Issue of Debentures at Discount)– जब ऋण-पत्र इनके अंकित मूल्य से कम मूल्य पर निर्गमित किये जाते हैं तो इसे कटौती पर ऋण-पत्रों का निर्गमन कहते हैं। ऋण-पत्रों के कटौती पर निर्गमन करने पर कोई कानूनी प्रतिबन्ध नहीं है। कटौती की हानि पूँजीगत हानि है जिसे अंश प्रीमियम में से या लाभ-हानि खाते से अपलिखित किया जा सकता है। जब तक इसे अपलिखित नहीं किया जाता इसे चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाते हैं। कटौती की राशि को उतने वर्षों में फैलाकर अपलिखित करते हैं जितने वर्षों के लिए ऋण-पत्र जारी किये गये हैं अथवा जैसे-जैसे ऋण-पत्रों का शोधन किया जाता है। विपरीत सूचना के अभाव में कटौती की राशि का लेखा आबंटन पर किया जाता है।

क्योंकि कटौती की राशि पूँजीगत हानि है अत: इसे सम्पत्ति पक्ष में **'विभिन्न व्यय'** (Miscellaneous Expenditure) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाना चाहिए और इसे शीघ्रातिशीघ्र प्रीमियम से अथवा लाभ-हानि खाते से अपलिखित कर देना चाहिए।

**ऋण-पत्रों के जारी करने के व्यय** (Debenture Issue Expense) लाभ-हानि खाते से या/अथवा ऋण-पत्रों पर प्राप्त प्रीमियम से समायोजित किये जा सकते हैं।

## III. ऋण-पत्रों का कटौती पर निर्गमन
## (Issue of Debentures at Discount)

**Illustration 3.** A कम्पनी लिमिटेड ने 100 रु० वाले 4,000, 6% ऋण-पत्रों का 5% बट्टे पर निर्गमन किया। इन पर राशि निम्न प्रकार देय थी :

आवेदन पर 25 रु०

आबंटन पर 25 रु०।

प्रथम व अंतिम याचना पर 45 रु०

समस्त ऋण-पत्रों के लिये आवेदन पत्र प्राप्त हो गये तथा उनका आबंटन कर दिया गया। समस्त देय राशि प्राप्त हो गई। ऋण-पत्रों के निर्गमन में 10,000 रु० व्यय किये गये। कम्पनी के संचालकों ने 'ऋण-पत्र निर्गमन व्यय खाते' तथा 'ऋण-पत्र बट्टे खाते' में से इसी वर्ष 1/5 भाग अपलिखित करने का निश्चय किया।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये तथा यह भी बतलाइये कि स्थिति-विवरण में सम्बन्धित मदें किस प्रकार दिखाई जायेंगी।

A Company Ltd. issued 4,000 6% debentures of Rs. 100 each at a discount of 5%, payable as follows :

Rs. 25 on Application

Rs. 25 on Allotment

Rs. 45 on First and Final Call.

All the Debentures were applied for and allotted. All money due was received. Expenses on issue of debentures amounted to Rs. 10,000. Directors decided to write off 1/5 off **"Expenses on Issue A/c"** and **"Discount on Debentures A/c"** in the same year.

Pass necessary Journal Entries and show how items effected would appear in the Company's Balance Sheet.

**Solution.**

**Journal Entries**

| | | Rs. | Rs. |
|---|---|---|---|
| Bank A/c<br>To 6% Debenture Application A/c<br>(For application money received on 4,000 debentures @ Rs. 25) | Dr. | 1,00,000 | 1,00,000 |
| 6% Debenture Application A/c<br>To 6% Debentures A/c<br>(For debenture application money transferred) | Dr. | 1,00,000 | 1,00,000 |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6% Debenture Allotment A/c | Dr. | 1,00,000 | |
| Discount on Debentures A/c | Dr. | 20,000 | |
| To 6% Debentures A/c | | | 1,20,000 |
| (For allotment due on 4,000 debentures and discount adjusted) | | | |
| Bank A/c | Dr. | 1,00,000 | |
| To 6% Debentures Allotment A/c | | | 1,00,000 |
| (For allotment money received) | | | |
| 6% Debenture First and Final Call A/c | Dr. | 1,80,000 | |
| To 6% Debentures A/c | | | 1,80,000 |
| (For Final call money due on 4,000 Debenture @ Rs. 45/-) | | | |
| Bank A/c | Dr. | 1,80,000 | |
| To 6% Debenture First and Final Call A/c | | | 1,80,000 |
| (For final call money received) | | | |
| Debenture Issue Expenses A/c | Dr. | 10,000 | |
| To Bank A/c | | | 10,000 |
| (For expenses on issue on debentures) | | | |
| P and L A/c | Dr. | 6,000 | |
| To Debenture Issue Expenses A/c | | | 2,000 |
| To Discount on Debenture A/c | | | 4,000 |
| (For 1/5th debenture issue expenses and discount written off) | | | |

**Balance Sheet as on ...........**

| Liabilities | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|
| | Rs. | | Rs. |
| **Secured Loan :** | | **Miscellaneous Expenditure :** | |
| 4,000 6% Debentures of Rs. 100 each | 4,00,000 | Expenses on Issue of Deb. A/c | 8,000 |
| | | Discount on Debentures A/c | 16,000 |

Scanned with CamScanner